भारत सरकार
कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त
आंध्रप्रदेश व तेलंगाना, हैदराबाद
'सी' ब्लाक, 9 वीं तल, आयकर शिखर
10-2-3, ए.सी. गार्ड्स, हैदराबाद - 500 004
दूरभाष: 040-23237946 फैक्स: 040-23240403

GOVERNMENT OF INDIA
Office of the
Pr. Chief Commissioner of Income Tax,
Andhra Pradesh & Telangana, Hyderabad
'C' Block, 9th Floor, IT Towers,
10-2-3, A.C.Guards, Hyderabad – 500 004.
Phone: 040-23237946 Fax: 040-23240403

शुभकामना संदेश

"हिंदी दिवस" के पावन अवसर पर मैं आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। भारत सरकार की राजभाषा नीति के सफल कार्यान्वयन के लिए सुस्पष्ट चिंतन के साथ दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है, तभी हम राजभाषा हिंदी में काम करने में आनेवाली दिक्कतों को दूर कर सकते हैं।

मुझे खुशी है कि आन्ध्र प्रदेश एवं तेलंगाना प्रभार के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी राजभाषा के प्रति निष्ठा व लगन रखते हैं। संभवत: उनकी इस रुचि एवं रुझान के कारण ही ऐसी विषम परिस्थिति के समय भी 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2020 तक 'हिंदी पखवाड़े' का आयोजन किया जा रहा है और इस दौरान संपूर्ण प्रभार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन पर कई प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही है। आशा है इस समारोह को सफल बनाने के लिए आप सभी एक साथ मिलकर समन्वित प्रयास करेंगे। इस उत्साह को केवल हिंदी दिवस या हिंदी पखवाड़े तक सीमित न रखें बल्कि आने वाले समय में भी इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

मेरा आग्रह है कि प्रभार के प्रत्येक कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, कार्यालय के कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग के लिए स्वयं पहल करें ताकि अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर उसका अनुकूल प्रभाव पड़ेगा और वे हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित होंगे।

उम्मीद है आने वाले वर्षों में भी हम प्रभार के चहुँमुखी प्रगति में इसी निष्ठा और लगन के साथ आगे बढ़ेंगे। पुन: सभी को "हिंदी दिवस" की हार्दिक बधाई।

जे बि महापात्र
(जे.बी. महापात्र)
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त
हैदराबाद